# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

दिनांक – 01.08.2026

## प्रेस विज्ञप्ति– संशोधित

**(Admission Schedule for admission in UG and PG Programs through First Merit in University Campus and Affiliated Colleges) - Revised**

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों को सूचित किया जाता है कि उनके यहाँ संचालित सभी स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों (बी0पी0ई0एस0, एम0पी0ई0एस0, बी0एससी0 फिजिक्ल एजुकेशन एण्ड स्पोट्र्स, बी0ए0एलएल0बी0, बी0कॉम0एलएल0बी0 एवं एल0एल0बी0 तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों को छोड़कर) एवं स्नातक एवं परास्नातक स्तर के सभी सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु प्रथम वरीयता सूची तैयार करने एवं प्रवेश कन्फर्म करने के लिए समय सारणी (Schedule) निम्न प्रकार रहेगा।

1. दिनांक 01.08.2026 से दिनांक 04.08.2026 तक परिसर विभाग एवं महाविद्यालय/संस्थान उक्त पाठ्यक्रमों में पंजीकृत अभ्यर्थियों का पंजीकरण डेटा अपनी समर्थ login ID एवं Pasword से login करके (Registration data tab पर जाकर) पाठ्यक्रमवार डाउनलोड कर पंजीकृत अभ्यर्थियों के अहृता पाठ्यक्रम के Marks Percentage में Weightages के प्रतिशत (जैसे कि weightages of Ward quota percentage, NCC/NSS, Graduation from CCSU & UG honors in the concerned subject etc) को जोड़कर निर्धारित सीटों के सापेक्ष (परिसर विभाग तथा Aided एवं Govt. Colleges में संचालित अनुदानित B.A., B.Sc., B.Sc. (Ag.) Hons., B.Com., M.A., M.Sc., M.Sc. (Ag.) एवं M.Com. पाठ्यक्रमों के लिए 5% Sports Quota सीट छोड़कर) आरक्षण नियमों (Vertical एवं Horizontal) तथा Other State quotas का पालन करते हुए प्रथम वरीयता सूची तैयार करेंगें।

   (A) दिनांक 12.08.2026 को विश्वविद्यालय परिसर विभाग प्रवेश सम्पुष्टि हेतु प्रथम वरीयता सूची में स्थान पाये अभ्यर्थियों का प्रवेश शुल्क जमा करने हेतु दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक का अपने प्रवेश पोटर्ल से Schedule जारी करेंगें।

   (B) दिनांक 12.08.2026 को महाविद्यालय/संस्थान प्रथम वरीयता सूची में स्थान पाये अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक का Admssion Offer Schedule अपने प्रवेश पोटर्ल से जारी करके भेजेंगे।

2. दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग उनके यहाँ संचालित उक्त स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु Admssion Offer accept करने वाले अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेखों की जाँच कर प्रवेश कन्फर्म करेंगें। महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग दिनांक 14.08.2026 तक उक्त सभी इच्छुक अभ्यर्थियों का प्रवेश सम्पूष्ट अवश्य सुनिशचित कर लें।

उक्त के क्रम में सभी को सूचित किया जाता है कि प्रवेश प्रक्रिया को समझने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समर्थ प्रवेश पोटर्ल पर एक PPT (Power Point Presentation) को अपलोड किया हुआ है। अतः उक्त PPT का अवलोकन अवश्य कर लें। उक्त के कम में यह भी सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग प्रथम वरीयता सूची बनाकर पोर्टल पर अपलोड ना करें बल्कि उसमें स्थान पाऐं अभ्यर्थियों को सीधे Review and Process पर जाकर महाविद्यालय Admssion Offer एवं परिसर विभाग प्रवेश शुल्क जमा करने हेतु Schedule जारी करेंगे।

नोटः– विश्वविद्यालय परिसर विभाग एवं महाविद्यालय/संस्थान उनके यहाँ पंजीकृत अभ्यर्थियों का डाटा Registration data tab से programme wise डाउनलोड करें एवं उसमें सम्बंधित programe का column बना लें। यहाँ यह भी सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर विभाग एवं महाविद्यालय/संस्थान पंजीकृत अभ्यर्थियों का डाटा All Registration Data tab से डाउनलोड ना करें क्योंकि उसमें weightages के columns नहीं है। अगर डाउनलोड डाटा में कोई duplicacy हो तो excel में Remove duplicate के option का प्रयोग करते हुए duplicate registration data को remove अवश्य कर लें।

01/8/26

प्रवेश समन्वयक

# प्रवेश फार्म के साथ लगाने हेतु संलग्नक

(क) हाई स्कूल अंक तालिका

(ख) इन्टरमीडिएट अंक तालिका

(ग) चरित्र प्रमाण–पत्र

(घ) स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी.सी.)

(ड.) जाति प्रमाण–पत्र (सामान्य वर्ग के अतिरिक्त)

(च) आय प्रमाण–पत्र (जो छात्र, छात्रवृत्ति के लिए अर्ह है)

(छ) मूल निवास प्रमाण–पत्र (उ.प्र. राज्य के वे छात्र जिन्होंने इन्टरमीडिएट / स्नातक की परीक्षा अन्य राज्यों से उत्तीर्ण की है।)

(ज) अधिभार हेतु सम्बन्धित प्रमाण–पत्र

(झ) आधार कार्ड

(ट) शपथ पत्र (गैप की स्थिति में)

**नोट :–** इनमें चरित्र प्रमाणपत्र, स्थानान्तरण प्रमाणपत्र एवं शपथपत्र को ओरिजनल जमा करना होगा। अन्य की फोटोप्रति फार्म के साथ संलग्न करनी होंगी।